प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डेसी कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भ्रमण कार्यक्रम

पंतनगर। 23 फरवरी 2022। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय, समेटी–उत्तराखण्ड द्वारा जनपद ऊधमसिंह नगर के बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं हेतु डिप्लोमा कोर्स 'डेसी' का संचालन किया गया। यह कोर्स निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी–उत्तराखण्ड, डा. अनिल कुमार शर्मा के दिशा–निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। इस कोर्स के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों का कस्टम हायरिंग सेन्टर सम्बन्धी भ्रमण कार्यक्रम श्री गोविन्द बल्लभ पलड़िया, ग्राम–दोगड़ा, भुजियाघाट, नैनीताल के प्रक्षेत्र पर आयोजित किया गया। श्री पलड़िया द्वारा अनेक उन्नत कृषि यंत्र यथा ट्रैक्टर, थ्रेसर, पावर टिलर, पावर वीडर, रोटावेटर, स्प्रेयर इत्यादि का अपने खेती में प्रयोग करने के साथ–साथ किराये पर भी अन्य किसानों को देकर मुनाफा कमाते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को समस्त कृषि यंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा इन यंत्रों की प्रयोग विधि एवं यंत्रों के प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में अपने अनुभवों का साझा किया। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ विभिन्न रासायनिक उर्वरक, कीटनाशी दवाओं की मात्रा, प्रयोग विधि एवं प्रयोग में सावधानियां, जैविक उत्पादों का उन्नत खेती में प्रयोग, बद्री गाय के दूध से होने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी। इनके प्रक्षेत्र पर उच्च गुणवत्ता के पौधशाला जिसमें तेजपत्ता, बांझ, अशोक, इमली, अमरूद, आंवला, पांगर, च्यूरा, टिकोमा, बड़ी इलायची, अनेक शोभाकारी पौधे व आम, लीची इत्यादि का बगीचा हैं, जिनका प्रतिभागियों द्वारा भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की।

डेसी कोर्स के समन्वयक, डा. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान एवं फैसिलिटेटर कु. ज्योति कनवाल ने कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, ज्योलीकोट की वरिष्ठ वैज्ञानिक, डा. कंचन नैनवाल, ने केन्द्र द्वारा विकसित तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में रूद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर, सितारगंज, किच्छा एवं खटीमा क्षेत्रों के प्रशिक्षणार्थी के साथ अनेक ग्रामीण भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षणार्थियों द्वारा श्री पलड़िया के प्रक्षेत्र का किया भ्रमण।